प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
इ-मेल email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

24 दिसंबर 2020

## 2020-21 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

रिज़र्व बैंक ने आज 2020-21 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के कार्य निष्पादन से संबंधित आंकड़े का प्रकाशन किया, जिन्हें 2,637 सूचीबद्ध गैर- सरकारी गैर- वित्त (एनजीएनएफ) कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से प्राप्त किया गया है। तुलना करने में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 2019-20 की दूसरी तिमाही और 2020-21 की पहली तिमाही से संबंधित आंकड़े भी सारणी में प्रस्तुत किए गए हैं। आंकड़े को वेब लिंक https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 से प्राप्त किया जा सकता है।

### मुख्य बातें

### बिक्री

- विनिर्माण क्षेत्र की मांग की स्थिति पिछली तिमाही में 41.1 प्रतिशत के संकुचन, जो COVID-19 महामारी के कारण प्रमुख देशव्यापी लॉकडाउन के कारण थी, के बाद नाममात्र बिक्री में 4.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) के नरम संकुचन के साथ पुनर्प्राप्ति के रास्ते पर चली गई; यह बहाली लोहे और इस्पात, खाद्य उत्पादों, सीमेंट, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों के कारण हुई थी (सारणी 2 क और सारणी 5 क)।
- गैर-आईटी सेवा क्षेत्र में नाममात्र की बिक्री ने भी दूरसंचार और रियल एस्टेट कंपनियों की बिक्री में विस्तार के कारण 14.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) के निचले संकुचन को दर्ज किया (सारणी 2 क और सारणी 5 क)।
- 2020-21 की दूसरी तिमाही में आईटी क्षेत्र की कंपनियों की बिक्री वृद्धि 3.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर स्थिर रही (सारणी 2क)।

### व्यय

- 2020-21 की दूसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल से इनपुट लागत दबाव कम बना रहा (सारणी 2क)।
- 2020-21 की दूसरी तिमाही में आईटी कंपनियों के स्टाफ लागत वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) में गिरावट आई,जबकि विनिर्माण और गैर- आईटी सेवा क्षेत्र में इसमें संकुचन बना रहा। (सारणी 2क)।

### परिचालन लाभ

- व्यय में बचत के कारण विनिर्माण कंपनियों का परिचालन लाभ बढ़ा; सेवा कंपनियां (आईटी और गैर-आईटी दोनों) का परिचालन मुनाफा भी 2020-21 की दूसरी तिमाही में बढ़ा (सारणी 2क)।

### ब्याज

- विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] आय में वृद्धि के कारण पिछली तिमाही के 2.4 से बढ़कर 2020-21 की दूसरी तिमाही में 4.6 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों की आईसीआर एक से नीचे बनी रही। (सारणी 2ख)।

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज व्ययों के ब्याज और कर से पहले के लाभ का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का माप है। एक व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1।

**मूल्य निर्धारण शक्ति**

- लागत बचत से लाभ में वृद्धि के कारण विनिर्माण और सेवा कंपनियों में लाभ मार्जिन में सुधार हुआ (सारणी 2ख)।

**सारणियों की सूची**

<table>
<tr><th colspan="2">सारणी संख्या.</th><th colspan="2">शीर्षक</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td>क</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">2</td><td>क</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्रवार</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>क</td><td rowspan="2">चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4</td><td>क</td><td rowspan="2">बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">5</td><td>क</td><td rowspan="2">उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्त कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>वृद्धि दरें</td></tr>
<tr><td>ख</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td colspan="4">व्याख्यात्मक नोट्स</td></tr>
<tr><td colspan="4">शब्दावली</td></tr>
</table>

टिप्पणी:

- भिन्न-भिन्न तिमाहियों में,परिणामों की घोषणा की तारीख पर निर्भर करते हुए, कंपनियों के कवरेज में परिवर्तन होते हैं; तथापि इसके कारण सकल स्थिति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होगा ऐसी कोई प्रत्याशा नहीं की जाती।
- संकलन पद्धति पर विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणियों और शब्दावली (संशोधित परिभाषा और परिकलन सहित, जो पिछले प्रकाशनों से भिन्न हैं) संलग्न है।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक

**प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/830**